तेरे दर पे आना जाना

तेरे दर पे आना जाना सांवरे मेरा प्यार है तू,
कुर्सी पर कोई भी बैठे मेरी तो सरकार है तू,

मैं श्याम का प्रेमी हु ये कहता मैं शान से,
सरकार ये सच्ची है मैं कहता ईमान से,
मेरा श्याम कभी करता नहीं झूठे वायदे,
इसलिए हर प्रेमी से यही सुनाई दे,
कुर्सी पर कोई भी बैठे मेरी तो सरकार है तू,

मुझे सँवारे से जब भी कोई काम है पड़ा,
मेरी मुश्किलों में संग मेरा श्याम है खड़ा,
ये संग है तो सामने न दुःख दिखाई दे,
इसी लिए हर प्रेमी से यही सुनाई दे,
कुर्सी पर कोई भी बैठे मेरी तो सरकार है तू,

तुम सेठ बना ते हो सेठो की है फैक्ट्री,
शंगार तेरा देख लू तो फुल है बटेरी,
मेरी मुश्किलों में सँवारे तू संग दिखाई दे,
इसी लिए हर प्रेमी से यही सुनाई दे,
कुर्सी पर कोई भी बैठे मेरी तो सरकार है तू,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10617/title/tere-dar-pe-aana-jaana-sanware-mera-pyar-hai-tu

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |